INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Class Work
LESSON-13 पापा खो गए	Topic: - प्रश्नोत्तर, व्याकरण	Write in your Note Book

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 खंभा, पेड़ और लैटरबक्स कहाँ थे?

उत्तर - खंभा, पेड़ और लैटरबक्स समुद्र के पास थे।

प्रश्न-2 लैटरबक्स को सभी लोग क्या कहकर पुकारते थे?

उत्तर- लैटरबक्स को सभी लोग लाल ताऊ कहकर पुकारते थे।

प्रश्न-3 खंभे को कौन-सी रातें अच्छी नहीं लगती?

उत्तर - खंभे को बरसात की रातें अच्छी नहीं लगती।

प्रश्न-4 आसमान से गड़गड़ाती हुई बिजली किस पर गिर पड़ी थी?

उत्तर - आसमान से गड़गड़ाती हुई बिजली पेड़ पर गिर पड़ी थी।

प्रश्न-5 नाटक के अनुसार सबसे बुद्धिमान पात्र कौन है?

उत्तर- नाटक के अनुसार सबसे बुद्धिमान पात्र कौआ है।

प्रश्न-6 खंभा बीमार क्यों नहीं पड़ता था?

उत्तर - खंभा बीमार नहीं पड़ता था क्योंकि वह लोहे का बना था।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 खंभे को बरसात की रात क्यों पसंद नहीं थी?

उत्तर- खंभे को बरसात की रात पसंद नहीं थी क्योंकि उसे आँधी-पानी में भी बल्ब को पकड़कर एक टाँग पर खड़े रहना पड़ता था, इससे उसे काफ़ी परेशानी होती थी।

प्रश्न-2 पेड़ ने खंभे को कैसे बचाया?

उत्तर- जब खंभा तेज़ आँधी-पानी में गिरने लगता है तो पेड़ उसे सहारा देकर अपने ऊपर उसके भार को ले लेता है। ऐसा करने में वह जख्मी भी हो जाता है।

प्रश्न-3 लड़की के दिमाग में कौन-कौन से प्रश्न उठते हैं?

उत्तर- लड़की के दिमाग में प्रश्न उठते हैं कि मैं कहाँ हूँ? मेरा घर कहाँ है? मेरे पापा कहाँ हैं? मम्मी कहाँ हैं? आदि-आदि।

प्रश्न-4 किस घटना को याद कर पेड़ थर-थर काँपने लगता है?

उत्तर- जब बरसात की रात में पेड़ के ऊपर आसमान से बिजली आ गिरी थी। उस घटना को याद कर पेड़ थर-थर काँपने लगता है।

प्रश्न-5 क्या आपने कभी किसी की मदद की है? यदि हाँ तो कब किस रूप में?

उत्तर- हाँ, मैंने एक गरीब बच्चे की मदद की है। गरीबी के कारण वह विद्यालय नहीं जा सकता था। उसे एक विद्यालय में प्रवेश दिलवाया। उसके लिए पुस्तकें, कॉपी, कलम आदि की व्यवस्था की। आज वह काफ़ी खुश है और अच्छी तरह पढ़ाई कर रहा है।

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 एकांकी के अनुसार पेड़ ने अपने बारे में क्या विचार प्रस्तुत किए हैं?

उत्तर- एकांकी के अनुसार पेड़ ने अपने बारे में कहा है कि मेरा जन्म इसी जगह हुआ। यहाँ ऊँचे-ऊँचे घर न थे, सिनेमा का पोस्टर व उसमें नाचने वाली भी नहीं थी, सिर्फ हमारे सामने समुद्र था। मुझे उस वक्त अकेलापन महसूस होता था।

प्रश्न-2 पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?

उत्तर- एक बार जोरों की आँधी आने के कारण खंभा पेड़ के ऊपर गिर गया। उस समय पेड़ ने उसे सँभाल लिया साथ ही वह ज़ख्मी भी हो गया। इस घटना से खंभें में जो घमंड था, वह खत्म हो गया और अंत में दोनों की दोस्ती हो गई।

प्रश्न-3 सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर क्यों नहीं पहुँचा पा रहे थे?

उत्तर- लड़की बहुत ही छोटी और नादान थी। इससे उसे अपने घर का पता नहीं था। यहाँ तक कि वह अपने पापा का नाम भी नहीं बता पा रही थी इसी कारण सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर तक नहीं पहुँचा पा रहे थे।

व्याकरण भाग-

प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके पुनः लिखिए|

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
पतग	पतंग
प्रशसक	प्रशंसक
अतर	अंतर
ककड़	कंकड़
सघर्ष	संघर्ष
दिसबर	दिसंबर
आनद	आनंद
सबध	संबंध
नीलकठ	नीलकंठ
सुदर	सुंदर

प्रश्न-2 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके पुनः लिखिए|

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
धुंधले	धुँधले
भांति	भाँति
गांव	गाँव
टांग	टाँग
बांधकर	बाँधकर
झांककर	झाँककर
आंधी	आँधी
अंधेरा	अँधेरा
जाएंगे	जाएँगे
हंसता	हँसता

प्रश्न-3 खिड़की और दरवाज़े के बीच में संवाद लिखिए|

खिड़की :- वाह! क्या बात है दरवाज़े भाई? आजकल बड़ा शोर मचा रहे हो।

दरवाज़ा :- क्या कहूँ बहन, खुलते-बंद होते मेरे तो कब्ज़े हिल गए हैं। बहुत दर्द होता है|

खिड़की :- कल तक तो आप ठीक थे।

दरवाज़ा :- बहन क्या कहूँ, नटखट बच्चे धक्के मारते रहते हैं।

खिड़की : - बच्चे तो बच्चे हैं भाई! क्या करोगे?

दरवाज़ा :- तुम बताओ,क्या करूँ?

खिड़की :- हिम्मत रखो। सब ठीक हो जाएगा।

दरवाज़ा :- क्या, ठीक हो जाएगा? यह अच्छी बात नहीं है बहन!

खिड़की :- तुम्हारे खुले बिना लोगों का आना-जाना भी तो नहीं हो सकता|

दरवाजा :- सही कहती हो तुम। यही मेरी नियति है।

&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&